दिन-प्रतिदिन का वैज्ञानिक इतिहास

विजेन्द्र कुमार

2. जून

1739, दी रॉयल स्वीडिश अकेडमी ऑफ साइंसेज की स्थापना हुई। यह संस्था प्रतिवर्ष आविष्कारक अल्फ्रेड नोबल के सम्मान में नोबल पुरस्कार प्रदान करने में अपनी भूमिका निभाती है।



3 जून

1880, एलेग्जेंडर ग्राहम बेल ने अपने नये आविष्कार फोटोफोन द्वारा सर्वप्रथम वायरलेस टेलीफोन संदेशों को प्रेषित किया।



1902, थॉमस अल्वा एडिसन को अपने आविष्कार 'प्रतिवर्ती गैल्वेनिक बैटरी' के लिए पेटेंट प्राप्त हुआ (पेटेंट नं. 701,804)।

4 जून

1962, कनाडा में नाभिकीय विखंडन द्वारा प्रथम बार विद्युत को उत्पादित किया गया।

1997, इन्सैट-2डी (इंडियन नेशनल सैटेलाइट सिस्टम) को दूरसंचार, प्रसारण, मौसम एवं अन्य बचाव व खोज कार्यों के उद्देश्य से इसरो द्वारा प्रक्षेपित किया गया।



5 जून

1972, यूनाइटेड नेशन्स एन्वायरॉन्मेंट प्रोग्राम (UNEP) के तहत वैश्विक तौर पर पर्यावरण के प्रति जागरूकता के लिए इस दिन को प्रतिवर्ष 'विश्व पर्यावरण दिवस' के रूप में मनाने के लिए घोषित किया गया।

6 जून

1882, वैद्युत स्त्री (आयरन) के आविष्कार के लिए हेनरी डब्ल्यू. सीली को पेटेंट प्रदान किया गया।

7 जून

1979, प्रथम भारतीय लो ऑर्बिट अर्थ ऑब्ज़र्वेशन सैटेलाइट 'भास्कर-I' को इसरो द्वारा प्रक्षेपित किया गया।

8 जून

1869, प्रथम वैक्यूम क्लीनर के आविष्कार के लिए 'इम्प्रूव्ड स्वीपिंग-मशीन' टाइटल से इव्न्स डब्ल्यू. मक्गफी को पेटेंट प्रदान किया गया (पेटेंट नं. 91145)।

1940, तत्व संख्या 93, नेप्च्यूनियम (Np) की खोज को एडविन एम. मैकमिलन व फिलिप एच. अबेल्सन ने यूनीवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, बर्कले में घोषित किया।

1955, विख्यात कम्प्यूटर वैज्ञानिक टिम बेर्नेर्स-ली का जन्म हुआ, जिन्होंने वर्ल्ड वाइड वेब (WWW) का आविष्कार किया।

11 जून

1742, बेंजामिन फ्रेंकलिन ने फ्रेंकलिन स्टोव का अविष्कार किया।

2008, नासा ने गामा-रे लार्ज एरिया स्पेस टेलिस्कोप (G LAST) को गामा किरणों के प्रेक्षण के लिए अन्तरिक्ष में प्रक्षेपित किया।



14 जून

1868, कार्ल लैंडस्टीनर (जो कि विभिन्न रक्त-समूहों की खोज एवं रक्त-आधान के ए-बी-ओ तंत्र के विकास के लिए जाने जाते हैं) का जन्म हुआ, इन्हें अपनी इस खोज के लिए सन् 1930 में फिजियोलॉजी व मेडिसिन का नोबल पुरस्कार भी मिला।



2004, विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने इस दिन को प्रतिवर्ष 'विश्व रक्त-दान दिवस' के रूप में मनाने के लिए घोषित किया।

15 जून

1869, सल्यूलोंइड (सेल्यूलोस नाइट्रेट व काम्फोर द्वारा निर्मित एक थर्मोप्लास्टिक पदार्थ) की खोज के लिए जॉन वस्ले ह्यात्त को पेटेंट प्रदान किया गया ।

16 जून

1902, आनुवंशिकता के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए प्रसिद्ध महिला बारबरा मैक्लिन्टॉक का जन्म हुआ, इन्हें अपने इस कार्य के लिए 1983 में फिजियोलॉजी व मेडिसिन का नोबल पुरस्कार भी मिला।

1657, प्रथम पेंडुलम घड़ी के आविष्कार के लिए इसके आविष्कारक क्रिस्टिन हुय्न्स को पेटेंट प्राप्त हुआ।

17 जून

1950, प्रथम किडनी ट्रांसप्लांट ऑपरेशन डॉ. रिचर्ड एच. लाव्लेर द्वारा शिकागो में किया गया।

1967, चीन ने अपना हाइड्रोजन बम का प्रथम परीक्षण किया।

1970, पोलेरॉइड कैमरा के आविष्कार के लिए एडविन लैंड को पेटेंट प्रदान किया गया।

18 जून

1981, पैर व मुख सम्बन्धी बीमारी के लिए दुनिया की प्रथम आनुवंशिक-अभियांत्रिक वैक्सीन को यू.एस. गवर्नमेंट ने घोषित किया।

19 जून

1623, प्रसिद्ध वैज्ञानिक ब्लेस पास्कल का जन्म हुआ जो कि 'दाब के पास्कल नियम' के लिए जाने जाते हैं।

1963, सोवियत अन्तरिक्षयात्री वलेंतिका तेरेश्कोवा तीन दिन अन्तरिक्ष में गुजार कर धरती पर लौटी, तत्पश्चात् वे अन्तरिक्ष में प्रथम महिला के रूप में प्रसिद्ध हुई।

20 जून

1996, कोलंबिया (एस.टी.एस.-78) को स्पेस शटल प्रोग्राम के तहत सफलतापूर्वक कैप-कैनेडी स्पेस सेंटर, फ्लोरिडा से प्रक्षेपित किया गया।

21 जून

1808, तत्व संख्या-5, बोरोन को फ्रेंच रसायनज्ञ जोसफ लुइस गे-लुसाक ने सर्वप्रथम आइसोलेट किया।

22 जून

1675, रॉयल ग्रीनविच वेधशाला (RGO) की स्थापना हुई, जो कि खगोल विज्ञान तथा नैविगेशन में अपनी भूमिका निभाती है तथा इसे प्रधान मध्याह्न (Prime meridian) की वस्तुस्थिति ज्ञात करने के रूप में जाना जाता है।

23 जून

1964, इंटीग्रेटेड सर्किट (IC) के आविष्कार के लिए जैक एस. किल्बे को पेटेंट प्रदान किया गया (पेटेंट नं. 3,138,743)।

24 जून

1963, वीडियो रिकॉर्डर का प्रथम बार प्रदर्शन लंदन में बीबीसी न्यूज स्टूडियो में किया गया।

25 जून



1924, ट्यूबरक्यूलोसिस के उपचार में प्रभावी वैक्सीन को प्रो. अल्बर्ट काल्मेट व अल्फोंस गुएरिन ने विकसित किया।

26 जून

1886, तत्व फ्लोरीन को सर्वप्रथम हेनरी मोइसन ने आइसोलेट किया।

2000, मानव जीनोम के वर्किंग ड्राट रेफरेंस डी.एन.ए. अनुक्रम को पूर्ण करने की घोषणा व्हाइट हाउस में बिल क्लिंटन और ह्यूमन जीनोम प्रोजेक्ट के प्रतिनिधियों व सेलेरा जीनोमिक्स कंपनी द्वारा की गयी।

27 जून

1954, दुनिया के पहले परमाणु बिजली स्टेशन ओब्निन्स्क नूक्लियर पॉवर प्लांट ने ओब्निन्स्क, यू.एस.एस.आर. में सर्वप्रथम बिजली का उत्पादन शुरू किया।

28 जून

1935, सर्वप्रथम किसी वायरस (तम्बाकू मोजेक वायरस - TMV) का क्रिस्टलीकरण प्रो. डब्ल्यू. स्टैनले ने किया, इस कार्य के लिए उन्हें 1946 में रसायनिकी का नोबल पुरस्कार भी प्राप्त हुआ।

29 जून

2006, इन्टरनेट एक्स्प्लोरर ब्राउजर (वर्जन-7-बीटा-3) को विंडोज एक्स.पी. और विंडोज सर्वर 2003 के लिए जारी किया गया।

30 जून

1896, इलेक्ट्रिक स्टोव के लिए विलियम एस. हदावे को पेटेंट प्रदान किया गया (पेटेंट नं. 563,032)।

1905, अल्बर्ट आइंस्टीन ने अपना लेख 'दी इलेक्ट्रोडायनैमिक्स ऑफ मूविंग बॉडीज़' को प्रकाशित किया।

संपर्क सूत्र :

श्री विजेंद्र कुमार, रिसर्च इंटर्न, राष्ट्रीय विज्ञान पुस्तकालय, सी.एस.आई.आर-निस्केयर, सत्संग विहार मार्ग, नई दिल्ली 110 067

[ई-मेल : vijendra.intern@niscair.res.in]